


नवभारत
भोपाल, शनिवार, 7 मार्च, 2026


# मां जानकी के धाम करीला में आज से तीन दिवसीय मेला प्रारंभ

## पंचमी पर मन्नतों की राई कराने पहुंचेंगे श्रद्धालु, कलेक्टर ने मेला पूर्व लिया व्यवस्थाओ का जायजा



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** मां जानकी के धाम करीला में लगने वाला तीन दिवसीय मेला आज से प्रारंभ हो गया है। जिसके चलते मेला की व्यवस्थाओं की तैयारियां का जायजा कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा लिया गया।

दरअसल मां जानकी के धाम करीला में रंगपंचमी के अवसर पर श्रद्धालु अपनी मन्नत पूर्ण होने पर राई नृत्य कराने के लिए पहुंचते है, तो वहीं करीला में लगने वाले मेले की तैयारिया प्रशासन द्वारा करीब पिछले दो माह से की जा रही थी। इस बार करीला मेला में आने वाले श्रद्धालुओं बेहत्तर व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन द्वारा भरसक प्रयास किये गये है। तो वहीं सुरक्षा की दृष्टि से जहां ड्रोन कैमरे से मेला परिसर की निगरानी की जाएगी, तो वहीं सीसीटीव्ही कैमरे में भी लगाए गए है, जो मेला परिसर की निगरानी करते हुए नजर आयेंगे। इसके अलावा पुलिस प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा के लिए कई कदम उठाए गए है। जहां एक सैंकड़ा से अधिक अधिकारियों की ड्यूटी मेला क्षेत्र में लगाई गई है। तो वहीं डेढ हजार से ज्यादा जवान सुरक्षा में तैनात रहेंगे।

### मां जानकी की पूजा अर्चना कर कलेक्टर ने लिया मेला क्षेत्र का निरीक्षण

शनिवार से प्रारंभ हो रहे करीला मेला में श्रद्धालुओं के लिए आस्था के केन्द्र पर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक रूप से सभी आवश्यक तैयारियां एवं व्यवस्थाएं की गई है। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा करीला धाम पहुंचकर शुक्रवार को मेला परिसर का भ्रमण कर तैयारियां एवं व्यवस्थाएं का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने करीला में जानकी की पूजा अर्चना की और उसके बाद मेला के लिए बनाये गये 7 सेक्टरों का भ्रमण किया। उन्होंने मंदिर परिसर में पर्याप्त साफ-सफाई रखे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मेला में पर्याप्त विद्युत व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, खोया पाया केन्द्र, कंट्रोल रूम, अस्थाई चिकित्सालय, सीसीटीव्ही कैमरे से निगरानी, पार्किंग व्यवस्था, अधिकारी, कर्मचारियों की डयूटी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।





## करीला में खाद्य विभाग की सघन चैकिंग जारी, दी समझाइश

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** करीला धाम पर रंगपंचमी के अवसर पर 7 मार्च से 9 मार्च करीला मेला का आयोजन किया गया है। कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा करीला मेला के पूर्व मेले में लगने वाली खाद्य पदार्थों की सघन जांच कार्यवाही की गई। मेलें में लग रही सभी किराना, चाट, फुल्की, आइसक्रीम, गन्ने के रस, समोसा कचौडी, नाश्ते की दुकानो तथा भोजनालय में जांच कार्यवाही की गई। सभी दुकानदारों को निर्देश जारी किये गये कि वह मेले में ताजा एवं साफ खाद्य सामग्रियों का विक्रय करें एवं खाने पीने के सामानों को ढंक कर ही विक्रय किया जाये एवं खाद्य सामग्रियों मे अखाद्य रंग का उपयोग नहीं किया जाये। यदि कोई भी खाद्य विक्रेता के द्वारा निर्देशों का पालन नहीं किया जायेगा तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। जांच कार्यवाही के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा खुले में बिक रही खाद्य सामग्री को ढंकवाया गया तथा रंग मिले हुये फुल्की के पानी तथा बेस्ट बिफोर अवधि निकले हुये मसाला के पैकटों को मौके पर ही नष्ट करवाया गया। यह कार्यवाही सम्पूर्ण मेला अवधि में की जायेगी, जिसके लिये अन्य जिलों के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की भी ड्यूटी लगायी गयी है, जो कि सम्पूर्ण मेले में उपस्थित रह कर मेले में लग रही खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच कार्यवाही करेंगे।

**एक नजर में**

### चना, मसूर, सरसों के पंजीयन 20 तक

**अशोकनगर।** जिले में रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में ई उपार्जन पोर्टल पर चना, मसूर के उपार्जन हेतु पंजीयन एवं भावांतर योजनान्तर्गत सरसों के पंजीयन हेतु 42 पंजीयन केन्द्रों पर कृषक पंजीयन किये जा रहे हैं। आज दिनांक तक मसूर के 5248, चना के 1902, सरसों के 1842 कृषक पंजीयन करा चुके हैं। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास अमित भदौरिया द्वारा कृषक पंजीयन हेतु कृषक भाईयों से अपील की है कि अपने क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी एवं विकासखण्ड के कृषि कार्यालयों में संपर्क कर पंजीयन केन्द्रों पर पहुंचकर अधिक से अधिक चना, मसूर एवं सरसों का पंजीयन अनिवार्य रूप से ई उपार्जन् पोर्टल पर करायें। चना, मसूर कृषक पंजीयन की अंतिम तिथि 16 मार्च एवं सरसों फसल के कृषक पंजीयन की अंतिम तिथि 20 मार्च शासन द्वारा निर्धारित की गई है।

### महिदपुर में गिराई गई क्षतिग्रस्त पानी की टंकी

**अशोकनगर।** ग्राम महिदपुर में क्षतिग्रस्त पानी की टंकी होने से ग्रामीणों की सुरक्षा को दृष्टिगत हुए ग्राम पंचायत द्वारा उसे गिराये जाने की कार्यवाही की गई। उल्लेखनीय है कि टंकी का मलवा गिरने से एक महिला की मौत हो गई थी।

# डीआरएम के निरीक्षण से पहले टोटियों में आया पानी

## रेल मंडल के प्रबंधक ने लिया स्टेशन का जायजा, यात्रियों ने की लिफ्ट चालू कराने की मांग



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) द्वारा शुक्रवार दोपहर को रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया गया। जहां उन्होंने हो रहे विकास कार्यो की गुणवत्ता को देखते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया, तो वहीं शौचालय की खस्ताहाल हालत पर नाराजगी जताई। वहीं डीआरएम के निरीक्षण की जानकारी लगने पर मौके पर पहुंचे लोगों द्वारा यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए लिफ्ट चालू किये जाने की मांग डीआरएम के समक्ष रखी।

दरअसल मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी द्वारा रानी कमलापति से अशोकनगर स्टेशन तक विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अशोकनगर स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हो रहे विकास कार्यों की प्रगति देखी और अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्टेशन को यात्री सुविधा की दृष्टि से और अधिक उन्नत बनाया जाए। साथ ही सुरक्षा से संबंधित इंटरलॉकिंग सिस्टम, पॉइंट्स और क्रॉसिंग्स की कार्यप्रणाली का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समयबद्धता, गुणवत्ता एवं यात्री हित को सर्वोपरि मानते हुए सभी कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए।

**लोगों ने कहा निरीक्षण से पूर्व आया पानी:**

डीआरएम के निरीक्षण से पूर्व रेलवे के अधिकारियों द्वारा रेलवे स्टेशन की व्यवस्थाएं दुरूस्त करने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन वह इसमें सफल नहीं हो सके और डीआरएम के पहुंचने से चंद मिनट पहले लगे नलों में पानी आता दिखा। तो वहीं डीआरएम द्वारा शौचालय की खस्ताहाल व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके अलावा ब्रिज पर लगी लिप्ट चालू कराने की मांग यात्रियों द्वारा की गई। इस दौरान लोगों ने बताया कल से करीला मेला प्रारंभ हो रहा है, इसके साथ ही आगामी माह में आनंदपुर धाम में मेला आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु अशोकनगर पहुंचते है, जो लिफ्ट बंद होने की बजह से परेशान होते हुए नजर आते है।

# डीआरएम से की मांग, स्टेशन पर खोली जाए जीआरपी चौकी



**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** शुक्रवार को भोपाल मंडल के डीआरएम पंकज त्यागी द्वारा करीला मेले को लेकर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तीन दिनों तक चलने वाले करीला मेले में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न आए, इसके लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वही यह निरीक्षण केवल औपचारिकता मात्र ही दिखाई दिया, क्योंकि नागरिकों और रेल यात्री द्वारा समस्याओं से अवगत कराया गया, तो उनके द्वारा समस्याओं पर ज्यादा गौर नहीं किया। भारी भरकम रेलवे अधिकारियों के साथ दोपहर में रेलवे स्टेशन पर पहुंचे अपनी निरीक्षक ट्रेन से उतरने के बाद वह सीधे रेलवे स्टेशन में जायज़ा लेने के लिए पहुंचे, वहां से काफी देर बाद निकल कर रेलवे स्टेशन का जायजा लिया, जिसमें उनके निरीक्षण के दौरान स्टेशन परिसर में रखराराव, पुताई, सौंदर्यीकरण को बारीकी से देखा, जिसमें यात्रियों को गर्मियों में पीने का पानी, बैठने की व्यवस्था विकलांगों के लिए बनाई गई शौचालय को देखा जिसमे कमियों को देखकर सुधार कराने की बात कहते नज़र आए।

**रेल यात्रियों ने दिया ज्ञापन, जीआरपी चौकी खोलने की रखी मांग एमएम:**

डीआरएम के निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन की व्यवस्था और यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं का जायज़ा लिया, तो वहीं नगर के रेल यात्रियों द्वारा डीआरएम को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें स्टेशन पर कई सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। नागरिकों ने ज्ञापन में स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की प्रमुख मांग रखी है, उन्होंने रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ या जीआरपी थाना खोलने की अपील की है ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इसके अतिरिक्त स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज पर पैदल यात्रियों के लिए सीढ़ियां बनाने की मांग की है। इसके अतिरिक्त स्टेशन पर कोच सिस्टम, प्लेटफार्म पर कोच डिस्प्ले सिस्टम, प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर टीन शेड बढ़ाने, यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेनों का संचालन और ठहराव की मांगे रखी गई है। साथ ही नागरिकों ने स्टेशन पर आरक्षण के लिए अलग से खिड़की बनाने और स्टेशन परिसर पर नियमित सफाई न होने का मुद्दा उठाया गया।

**रात्रि में सबसे ज्यादा रहता है खतरा:**

रेल यात्रियों ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर जीआरपी नहीं होने से यहां सबसे ज्यादा समस्या रात्रि में यात्रा करने वाले यात्रियों को होती है। जिसमें महिलाओं को खतरा ज्यादा रहता है, रेलवे स्टेशन पर जीआरपी की व्यवस्था होना चाहिए, वही असामाजिक तत्वों द्वारा रात्रि के समय यात्रा कर यात्रियों के साथ गाली-गलौच की जाती है जिससे वह अपना सफर भय के साए में करते है। हालांकि जीआरपी की मांग पहले भी कई बार उठाई गई है मगर आजतक रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। अब देखना यह होगा कि बर्ष में एक बार लगने वाला क़रीला मेले पर स्टेशन पर जीआरपी की कोई व्यवस्था की जाती है या नहीं।




## कैंसर से निपटने किशोरियों में लगाया जा रहा HPV का टीका

**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए HPV टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके चलते सिविल अस्पताल चन्देरी में किशोरी- बालिकाओ का टीकाकरण लगाया गया। उल्लेखनीय है कि कैंसर से लडकियों में कैंसर से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीते 28 फरवरी से अभियान की शुरूआत की गई है। जिसके चलते जिले के अलग-अलग अस्पतालों में यह टीकाकरण किया जा रहा है। इसी के तहत शुक्रवार को चंदेरी के सिविल अस्पताल में बीपीएम विशाल यादव, बीसीएम गीता यादव की निगरानी में किशोरी- बालिकाओ को HPV टीका स्टॉफ नर्स संजना परतें द्वारा लगाया। टीकाकरण अभियान के तहत प्रथम टीका शिक्षा पुत्री अनिता बिटौरिया को लगया गया, जिसके बाद डा. पकजं गुप्ता द्वारा प्रमाण पत्र दिया। साथ ही उपस्थित आशा ऊषा कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि यह टीका पूर्ण रूप से सुरक्षित है HPV टीकाकरण के कोई भी साइडफेक्ट नहीं है।

वहीं आशा ऊषा सुपरवाईजर पूजा पटेल ने उपस्थित ग्रामीणों को टीकाकरण करबाने के फायदे बताते हुए ग्रामीणों से अपने अपने बालिकाओ के सुरक्षित भबिष्य को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक टीकाकरण करवानेकी अपील की गई। इस मौके पर सचिन जैन, अजय कुशबाह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### पशुचारा के जिले के बाहर निर्यात पर पूर्णतः प्रतिबंध हेतु आदेश जारी

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी साकेत मालवीय द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत जिले की सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में करीला मेला वर्ष 2026 दृष्टिगत 07 मार्च 2026 से 09 मार्च तक जिले के अन्दर पशुचारा भूसा के परिवहन पर एवं 7 मार्च 2026 से 15 जून 2026 तक जिले बाहर निर्यात पर पूर्णत: प्रतिबंध हेतु आदेश जारी किया गया है। जारी आदेशानुसार आदेश का उल्लंघन करने वाले कृषकों/ व्यापरियों / व्यक्तियों/ निर्यातकों आदि के विरूद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 एवं अन्य उपयुक्त कानूनी प्रावधानों की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत वैधानिक / दाण्डिक कार्यवाही की जायेगी। जिले से बाहर पशुचारा, घास, भूसा, ज्वार/प्याज/धान के डंठल एवं पशुओं के खाये जाने वाला अन्य किस्म के चारे का परिवहन विशिष्ट परिस्थितियों में संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी के अनुज्ञा-पत्र के उपरांत ही किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि यह आदेश करीला मेला का ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जो कि 15 जून तक प्रभावशील रहेगा।

## नपा ने कर दाताओं को जारी की एडवाईजरी, लें लोक अदालत का लाभ

**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी।** नगरपालिका परिषद द्वारा संपत्तिकर दाताओं को एडवाईजरी जारी करते हुए समय पर कर भुगतान करने की बात कहीं है। नपा सीएमओ प्रदीप शर्मा ने बताया कि संपत्ति कर दाताओं को समझाइस है, ताकि दोगुना संपत्तिकर की राशि देने से करदाता बच सके। दरअसल नगरपालिका एक्ट के अनुसार बदला नियम अब 31 मार्च तक टैक्स जमा नहीं किया तो 1 अप्रैल से दोगुना हो जाएगा संपत्तिकर। उन्होंने शहर के कर दाताओं को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 का संपत्ति कर 31 मार्च 2026 तक जमा करने की अपील की है, जिससे वह ज्यादा कर देने से बच सके। वहीं उन्होंने बताया कि जो लोग तय समय तक टैक्स जमा नहीं करेंगे उनकी संपत्ति का टैक्स 1 अप्रैल से दोगुना हो जाएगा। नगर पालिका एक्ट में प्रावधान है कि आवासीय भवनों के चालू वर्ष के संपत्ति कर में 50 प्रतिशत की छूट देते हुए ही चालू वर्ष का टैक्स बनाया जाता है, लेकिन अगर चालू वर्ष का संपत्तिकर उसी वर्ष 31 मार्च तक जमा ना किया जाए, तो 1 अप्रैल से 50 प्रतिशत की छूट समाप्त हो जाती है एवं यही 50 प्रतिशत संपत्तिकर, बकाया संपत्तिकर में जुड़ जाता है। जिसको आम भाषा में संपत्तिकर दोगुना हो जाना कहा जाता है। संपत्तिकर दाता 14 मार्च शनिवार को नेशनल लोक अदालत में आकर संपत्तिकर जमा कर सकते है, जिससे संपत्तिकर पर लगने वाला अधिभार माफ़ हो जाएगा और उन्हें इसका लाभ मिलेगा।

**प्रक्रिया** | **ऑनलाईन भरे जायेंगे फार्म, कराना होगा सत्यापान**

# निजी विद्यालयों में आरटीई के तहत प्रवेश प्रक्रिया 13 से प्रारंभ



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत गैर अनुदान मान्यता प्राप्त प्राईवेट स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया 9 मार्च से प्रारंभ हो गई है। जिला परियोजना समन्वयक राहुल शर्मा ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू हो गई है जहां कमजोर वर्ग एवं वंचित वर्ग के बच्चों का प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया 9 मार्च से प्रारंभ होगी। एपीसी मोबलाईजेशन अभिषेक चौधरी ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षाओं में नि:शुल्क दाखिले की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। 13 मार्च से अभिभावक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे, जिसकी अंतिम तिथि 28 मार्च निर्धारित की गई है। आवेदन पश्चात सत्यापन केन्द्र जन शिक्षा केन्द्र पर 14 मार्च से 30 मार्च तक सत्यापनकर्ताओं के द्वारा सत्यापित होंगें। चयन प्रक्रिया 2 अप्रैल को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से पूरी की जाएगी एवं छात्र को उसके आसपास की परिधी का ही पोर्टल के आधार पर विद्यालय प्राप्त हो सकेगा। आरटीई पोर्टल पर 9 मार्च से मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों और उपलब्ध सीटों की जानकारी प्रदर्शित की जाएगी। वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के अभ्यर्थी 13 से 28 मार्च के बीच पोर्टल पर आवेदन कर पंजीयन करा सकते हैं। आवेदन के साथ पात्रता से संबंधित कम से कम एक दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य होगा। 14 से 30 मार्च के बीच संबंधित संकुल केंद्र में दस्तावेजों का सत्यापन कराया जाएगा, ताकि लॉटरी के बाद प्रवेश निरस्त होने जैसी स्थिति न बने। चयनित विद्यार्थियों को सीट आवंटन की सूचना पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से भेजी जाएगी। साथ ही सूची पोर्टल पर भी उपलब्ध रहेगी। आयु सीमा के अनुसार नर्सरी/केजी-1/केजी-2 के लिए न्यूनतम आयु 3 से 4 वर्ष 6 माह तथा कक्षा 1 के लिए 6 से 7 वर्ष 6 माह निर्धारित की गई है। प्रवेश हेतु आयु की गणना निर्धारित तिथियों के अनुसार की जाएगी। आवेदन में समस्या होने पर बीआरसीसी जनशिक्षा केन्द्र कार्यालय पर बने हेल्प डेस्क से संपर्क कर सकते हैं।

## बच्चे के कान से निकाला गया गेहूं का दाना

**राष्ट्रीय बाधिरता दिवस पर स्वास्थ्य शिविर संपन्न**

**शिविर में 41 मरीजों का किया गया परीक्षण**



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के मार्गदर्शन में सीएमएचओ डॉ अलका त्रिवेदी के निर्देशन में शुक्रवार को विश्व श्रवण दिवस पर राष्ट्रीय बाधिरता दिवस मनाया गया।

RBSK मेडिकल ऑफिसर डॉ. सौरभ शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय बाधिरता एवं रोकथाम कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय में श्रवण बाधित शिविर एवं जागरूकता रैली निकाली का आयोजन किया गया। जिसमें सिविल सर्जन डॉ भूपेंद्र शेखावत द्वारा श्रावण बाधित रोगियों को देखभाल एवं श्रावण संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही एक शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मरीजों का परीक्षण किया गया। शिविर में डॉ. बीएल टैगोर द्वारा कान, नाक और गाला के 41 मरीजों का स्वास्थ परीक्षण किया गया। जिसमें से 3 बुजुर्गों का विकलांगता प्रमाण पत्र बनाने के लिए पत्र बनाने के लिए डीडीआरसी रैफर किया एवं 1 बच्चे के कान से गेहूं का दाना निकाला गयाा एवं ऑडियोलॉजिस्ट विवेक सोनी और हरिओम सैनी के द्वारा 5 व्यस्क और 3 बच्चो की कान की जांच ऑडियोमेट्री मशीन से की गई। शिविर में ऑडियोलॉजिस्ट विवेक सोनी, हरिओम सैनी डीडीआरसी, एएनएम दीपा रजक सहित अन्य स्टॉफ मौजूद रहा।